वाद विवाद प्रतियोगिता

गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतियोगिता सीरीज का आयोजन वाद विवाद प्रतियोगिता के साथ प्रारंभ किया गया। "भारत के नवनिर्माण में नीति आयोग की भूमिका" नामक शीर्षक पर आयोजित इस प्रतियोगिता में एम.ए. प्रथम तथा तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ० सत्यपाल सिंह ने इस शीर्षक के महत्ता को स्पष्ट करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। निर्णायक की भूमिका का निर्वहन विभाग के जेआरएफ शोध छात्रों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो० संदीप कुमार, वरिष्ठ आचार्य प्रो० करुणाकर राम त्रिपाठी, प्रो० आलोक कुमार गोयल, अर्थशास्त्र परिषद प्रभारी डॉ राजू गुप्ता सहित डॉ० अमित शर्मा, डॉ० वंदना अहिरवार, डॉ० मनीष, वरुणेन्द्र तथा विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ० सुरेंद्र गुप्ता ने किया।